प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 09-04-2025
थाना शेरगढ़ जनपद बरेली।

थाना शेरगढ़ #bareillypolice द्वारा आपरेशन खोज के अन्तर्गत दो अभियक्तों को चोरी की एक मो0सा0 व एक अदद चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद बरेली द्वारा चलाये जा रहे **"आपरेशन खोज"** के अन्तर्गत आज दिनांक 09-04-2025 को थाना शेरगढ़ पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान दो अभियुक्त 1.अजय कुमार पुत्र खेमपाल निवासी ग्राम मवई काजियान थाना शेरगढ़ जनपद बरेली 2.भारत पुत्र भारत सिंह निवासी ग्राम मवई काजियान थाना शेरगढ़ जनपद बरेली को चोरी की 01 अदद मो0सा0 व अभियुक्त अजय कुमार के पास से एक अदद चाकू नाजायज के साथ ग्राम जुआ जवाहरपुर तिराहे के पास से समय करीब 02.50 बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण द्वारा चोरी की मो0सा0 पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर मो0सा0 का प्रयोग किया जा रहा था। अभियुक्तगण के कब्जे से बरामद चोरी की मो0सा0 व अभियुक्त अजय कुमार उपरोक्त के कब्जे से बरामद एक अदद नाजायज चाकू के संबंध में थाना शेरगढ़ जनपद बरेली पर मु0अ0सं0 110/25 धारा 317(2),318(4) बीएनएस व धारा 4/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण–श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद बरेली द्वारा चलाये जा रहे **"आपरेशन खोज"** के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए थाना शेरगढ़ पुलिस के द्वारा रात्रि गश्त के दौरान एक मो0सा0 हीरो स्पलैन्डर प्लस रंग काला को रोका गया। मोटरसाईकिल पर सवार दोनों व्यक्तियो से उनका नाम पता पूछा गया तो मोटरसाईकिल चालक ने अपना नाम अजय कुमार पुत्र खेमपाल नि0 ग्राम मवई काजियान थाना शेरगढ़ जनपद बरेली बताया तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम भारत पुत्र भारत सिंह नि0 ग्राम मवई काजियान थाना शेरगढ़ जनपद बरेली बताया। उक्त दोनों व्यक्तियों की तलाशी ली गयी तो मो0सा0 चालक अजय कुमार उपरोक्त से एक अदद चाकू नाजायज बरामद हुआ। मो0सा0 के कागजात तलब किये गये तो नहीं दिखा सके, जिसपर चालान करने हेतु मो0सा0 पर अंकित रजि0नं0. UK-04M-0241 को ई-चालान एप पर डालकर देखा गया तो उक्त मो0सा0 ब्रिजेशपाल पुत्र राजबहादुर नि0 मकान नं0 46 वार्ड नं0-12 एम.बी ट्रस्ट अब्दुल्ला बिल्डिग हल्द्वानी जिला हल्द्वानी जिसका चैसिस नं0 MBLHA10EZBHM09090 पाया गया। उपरोक्त चैसिस नं0 का पकडे गये व्यक्तियो के कब्जे से बरामद मोटरसाईकिल के चैसिस नम्बर का मिलान किया तो भिन्नता पाये जाने पर इस मोटरसाईकिल पर अंकित चैसिस नं0 MBLHAW098KHC60882 को ई-चालान एप पर खोज किया तो उपरोक्त मोटरसाईकिल का सही रजि0 नम्बर UK06-AV-0672 पाया गया, जो सुषमा गुप्ता पत्नी विरेन्द्र कुमार गुप्ता वार्ड नं0 07 सितारगंज जिला ऊधमसिंह नगर के नाम पंजीकृत है जिसके चोरी हो जाने के संबंध में थाना बारादरी, जनपद बरेली पर मु0अ0सं0 338/25 धारा 303(2) बीएनएस में पंजीकृत है। **अभियुक्तगण उपरोक्त ने पूछताछ पर बताया कि उनके द्वारा यह मो0सा0 फरवरी माह में थाना बारादरी जनपद बरेली क्षेत्रान्तर्गत स्थित सी0आई0 पार्क के सामने से चोरी की थी और मो0सा0 की पहचान न हो सके इसलिए फर्ज नम्बर प्लेट लगाकर मो0सा0 का प्रयोग कर रहे थे।**

गिरफ्तार अभियुक्त –
1. अजय कुमार पुत्र खेमपाल नि0 ग्राम मवई काजियान थाना शेरगढ़ जनपद बरेली ।
2. भारत पुत्र भारत सिंह नि0 ग्राम मवई काजियान थाना शेरगढ़ जनपद बरेली ।

पंजीकृत अभियोग –
1. मु0अ0सं0 110/25 धारा 317(2)/318(4) बीएनएस व 4/25 A.ACT थाना शेरगढ़ जनपद बरेली ।

आपराधिक इतिहास –

1. मु0अ0स0 338/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना बारादरी जनपद बरेली ।

बरामदगी – 01 मोटर साईकिल स्पलेण्डर प्लस चोरी की, एक अदद चाकू ।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–
1. थानाध्यक्ष श्री आशुतोष द्विवेदी, थाना शेरगढ़ जनपद बरेली।
2. उ0नि0 श्री रामनरेश सिंह, थाना शेरगढ़ जनपद बरेली।
3. का0 3801 विपिन बालियान, थाना शेरगढ़ जनपद बरेली।
4. का0 3438 सद्दाम अल्वी, थाना शेरगढ़ जनपद बरेली।
5. का0 76 दयालु, थाना शेरगढ़ जनपद बरेली।